बिहार, मध्य प्रदेश और उड़ीसा में स्कूल बीच में छोड़ जाने वाले बच्चों को तथा उन बच्चों को जो पूरे दिन स्कूलों में नहीं जा सकते औपचारिक पद्धति के तुलनीय कोटि की शिक्षा प्रदान करने के लिए एक केन्द्रीय सहायता प्राप्त योजना के रूप में छठी पंचवर्षीय योजना में आरंभ की गई थी। इस योजना का अरूणाचल प्रदेश तथा अन्य सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में काम-काज करने वाले बहुत बच्चों वाले क्षेत्रों तथा शहरी गन्दी बस्तियों, पर्वतीय, रेगिस्तानी और जनजातीय क्षेत्रों को शामिल करने के लिए इसका विस्तार तथा पुनर्गठन किया गया।

राज्य सरकारों को सह शिक्षा और लड़कियों के लिए गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्रों को चलाने के लिए क्रमशः 50:50 और 90:10 के अनुपात में इस योजना के अन्तर्गत सहायता प्रदान की जा रही है; स्वैच्छिक एजेंसियों को शत-प्रतिशत केन्द्रीय सहायता प्रदान की जा रही है।

उत्तर प्रदेश में स्वायत्तशासी कालेजों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आवंटित की गई धनराशि

2866. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश में स्वायत्तशासी कालेजों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आवंटित की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी. शिव शंकर): उत्तर प्रदेश के किसी कालेज को अभी तक स्वायत्त स्तर प्रदान नहीं किया गया है। अतः विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निधियों के आवंटन का प्रश्न नहीं उठता है।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य

2867. **श्री राम जेठमलानी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नई शिक्षा नीति को कार्यान्वित करने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य क्या है;

(ख) यदि हां, तो इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कितनी धनराशि की आवश्यकता है;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजनार्थ पर्याप्त धन लेने के लिए योजना आयोग से मंजूरी ले ली है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंधी ब्यौरा क्या है और इस धनराशि को प्राप्त करने के लिए सरकार का किन-किन स्रोतों से धन लेने का विचार है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री पी. शिवशंकर): (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ा किया जाना

2868. **श्री अजीत जोगी:**
ठाकुर जगतपाल सिंह:

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के उन राष्ट्रीय राजमार्गों के नाम क्या हैं जिन्हें चार-लेन वाले राजमार्गों में बदलने का कार्य हाथ में लिया गया है;

(ख) उस कार्य के लिए पिछले तीन वर्षों में कितनी धनराशि आवंटित